
# खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति क्वाड की प्रतिबद्धता

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

**डोनाल्ड ट्रम्प** के **शपथ ग्रहण** के बाद, **क्वाड विदेश मंत्रियों** ने **खुले और मुक्त हिंद-प्रशांत** के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा **बल या दबाव** के माध्यम से यथास्थिति को बदलने की **एकपक्षीय कार्रवाई** का विरोध किया।

- मंत्रियों ने **अंतर्राष्ट्रीय कानून, लोकतांत्रिक मूल्यों** और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में **चीन के क्षेत्रीय दावों का विरोध किया।**
- भारत 2025 में सातवें क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन की मेज़बानी करेगा**,** जिससे **रणनीतिक समूह** में उसकी नेतृत्वकारी भूमिका और सुदृढ़ होगी।
- **क्वाड: क्वाड ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका** के बीच एक कूटनीतिक साझेदारी है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में **स्थिरता, समृद्धि और खुलेपन** पर केंद्रित है।
  - क्वाड की स्थापना वर्ष **2004** में हिंद महासागर में आई सुनामी के बाद हुई थी, जब चारों देशों ने **मानवीय सहायता** प्रदान की थी।
  - **वर्ष 2007 में अधिकारी स्तर की बैठक** के बाद, **वर्ष 2017** में आधिकारिक स्तर की बैठकें फिर से शुरू हुईं, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष **2019 में विदेश मंत्री स्तर** पर पहली क्वाड बैठक हुई।
  - **क्वाड-प्लस बैठकों में दक्षिण कोरिया, न्यूज़ीलैंड और वियतनाम** जैसे देश शामिल हुए हैं, जिससे क्वाड की और अधिक स्वीकृति का संकेत मिलता है।




**और पढ़ें:** छठा क्वाड शिखर सम्मेलन 2024

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/quad-s-commitment-to-an-open-indo-pacific